भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1633

(जिसका उत्तर मंगलवार, 03 अगस्त, 2021/12 श्रावण, 1943 (शक) को दिया जाना है।)

विदेशी मुद्रा भंडारों में गिरावट

1633 श्री मल्लिकार्जुन खरगेः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विगत दो वर्षों में भारत के विदेशी मुद्रा भंडारों में काफी गिरावट हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने भारत की विदेशी मुद्रा भंडारों में वृद्धि करने के लिए कोई उपाय किए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) से (घ) जी, नहीं। गत दो वर्ष के विदेशी मुद्रा भंडार नीचे दी गई सारणी 1 में प्रस्तुत है।

सारणी 1: भारतीय विदेशी मुद्रा भंडार

वित्त वर्ष के अंत तक	विदेशी मुद्रा भंडार (बिलियन अमरीकी डॉलर)
2018-19	412.9
2019-20	477.8
2020-21	577.0
16 जुलाई, 2021 की स्थिति के अनुसार	612.7

स्रोतः आरबीआई

*****